प्रमुख संयंत्रों और उपकरणों के लिए ऋादेश

2679. **श्री अजीत जोगी :**

चौधरी हरि सिंह :

क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुख्य-मुख्य संयंत्रों और उपकरणों के लिए अब तक ऋादेश दिए गए हैं;

(ख) क्या एशिया विकास बैंक द्वारा अब भी ऋण सहायता बन्द है;

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ङ) राज्य सरकार द्वारा निवेश के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निजी क्षेत्र की प्रतिक्रिया का ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैय्या नायडु : (क) से (घ) एशिया विकास बैंक ने ऐसी किसी भी विद्युत परियोजना को बंद नहीं किया है जिसका वित्तपोषण इसके द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के क्रियान्वयन/परिचालन के अनुसार संयंत्रों और उपस्करों को खरीदने के लिए आदेशों को देना एक निरंतर प्रक्रिया है।

(ङ) 72 निजी विद्युत परियोजनाओं को स्थापना हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं जिनकी 96562 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर कुल अधिष्ठापित क्षमता 30518.50 मेगावाट है।

सुपर ताप विद्युत संयंत्र

2688. **श्री अजीत जोगी :**

चौधरी हरि सिंह :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान पूरा किये जाने वाले सुपर ताप विद्युत संयंत्रों का राज्यवार ब्यौरा और उसके नाम क्या-क्या है;

(ख) इनकी कुल और प्रति मेगावाट अनुमानित लागत कितनी-कितनी थी;

(ग) प्रत्येक संयंत्र के लिये कितनी मात्रा में कोयले की आवश्यकता होगी;

(घ) कोयले की नियमित उपलब्धता और इसके लिये रेल-परिवहन को सुनिश्चित करने के लिये क्या प्रबन्ध किये गये हैं;

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान इससे उड़ने वाली राख, के निपटान के लिए क्या प्रबन्ध किये गये हैं; और

(च) इनके चालू होने पर उत्पादन पर अनुमानित कितनी लागत आएगी और उत्पादन लागत में प्रति वर्ष कितनी वृद्धि होगी ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.वी. रंगैय्या नायडु) : (क) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एन टी पी सी) द्वारा 8वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पूरी की जाने वाली संभावित ताप विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नलिखित है :—

	परियोजना का नाम	क्षमता (मे.वा.)
कोयला आधारित		
(1) उत्तर प्रदेश	एन सी टी पी पी दादरी	(4×210 मे.वा.)
(2) बिहार	कहलगांव चरण-1	(4×210 मे.वा.)
(3) पं. बंगाल	फरक्का चरण-2	(2×500 मे.वा.)
(4) उड़ीसा	तलचेर चरण-1	(2×500 मे.वा.)
गैस आधारित		
(5) गुजरात	गांधार जी पी पी	(648 मे.वा.)
(6) उत्तर प्रदेश	दादरी जी पी पी	(817 मे.वा.)

(ख) और (ग) कोयला आधारित विद्युत परियोजनाओं के लिए सम्भावित योजना की आवश्यकता निम्नलिखित है :—

(मिलियन टन वर्ष)

1. फरक्का चरण-2 (2×500 मे.वा.)	5.40
2. कहलगांव चरण-1	4.53
3. एन सी टी पी पी, दादरी (4×210 मे.वा.)	3.52
4. तलचेर चरण-1 (2×500 मे.वा.)	4.20

कुल और प्रति मेगावाट अनुमानित लागत विवरण में दिए गए हैं ।

(घ) अल्पावधि लिंकेज समिति द्वारा, त्रैमासिक आधार पर कोयला लिंकेजों/आवंटन के माध्यम से कोयले की नियमित उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाता है ।

फरक्का, कहलगांव तलचेर और विद्युत संयंत्रों में कोयले के परिवहन के बारे में, एन टी पी सी का अपना कैप्टिव मेरी गो राउण्ड सिस्टम (एम जी आर) है, जिसमें वैगनें और इंजन भी शामिल हैं । एन सी टी पी पी के लिए कोयले के संयोजित गुणवत्ता का परिवहन भारत रेलवे द्वारा किया जाता है जैसाकि त्रैमासिक अल्पावधि लिंकेज समिति की बैठक के दौरान सुनिश्चित किया गया ।

(ङ) एन सी टी पी पी (4×210) मे.वा. संयंत्र के लिए उड़न राख निपटान पद्धति अपनाई गई है । अन्य परियोजनाओं के बारे में उड़न राख का निपटान, भली प्रकार से डिजाइन, राख के तालाबों में अतिरिक्त पानी और पंपिंग के द्वारा गारा रूपान्तरण प्रक्रिया द्वारा किया जाता है ।

(च) 3/4 की त्रैमासिक 93 की उत्पादन की अनुमानित लागत अनुबंध-1 में इंगित है । वार्षिक अभिवृद्धि, कार्मिक मुद्रास्फीति के फलस्वरूप पूंजीगत लागत में वृद्धि, रुपये के पुनर्मूल्यांकन समेत विनियम पर भिन्नता, निर्माण के दौरान ब्याज में वृद्धि के फलस्वरूप और दरों तथा शुल्कों में परिवर्तन तथा प्रचलित भूमिगत ईंधन लागत पर निर्भर करेगी ।

विवरण

आठवीं योजना के दौरान पूरी किये जाने वाली एन टी पी सी आयोजना के ब्यौरे

क्रम सं	परियोजना	क्षमता (मे० वा०)	राज्य
1	2	3	4
1.	फरक्का-2	1000	प. बंगाल
2.	कहलगांव-1	840	बिहार
3.	एन सी टीपी पी दादरी	840	उत्तर प्रदेश
4.	तलचेर-1	1000	उड़ीसा
5.	दादरी गैस	817	उत्तर प्रदेश
6.	गंधार जी पी पी	648	गुजरात
		5145	

परियोजना की कुल अनुमानित लागत (करोड़ रुपये)	अनुमानित लागत का वित्तीय आधार	प्रति मे.वा. अनुमानित लागत (करोड़ रुपये)	कोयले की आवश्यकता (मि. टन/वर्ष)	विद्युत उत्पादन की अनुमानित लागत (पैकि.वा.आ)
5	6	7	8	9
2114.26	4/93	2.11426	5.40	115.30
1928.45	3/93	2.295773	4.53	123.68
1989.21	4/93	2.368107	3.52	171.39
2490.45	4/93	2.49045	4.20	125.87
960.35	3/93	1.175458	शून्य	127.01
2291.96	3/93	3.536975	शून्य	202.58
11774.68				17.65

EXPERT COMMITTEE TO PRIVATISE DESU

2681. DR. SANJAYA SINH :

DR. BAPU KALDATE:

SHRIMATI KAMLA SINHA : Will the Minister of POWER be pleased to state;

(a) whether Government has set up a Committee of experts under the DESU Chairman to evaluate and formulate technicalities for privatisation;

(b) if so, the details thereof and reasons therefor in this regard; and

(c) by when the privatisation of power distribution from DESU will be completed ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) : (a) to (c) A Committee has been constituted to evaluate applications for privatisation of distribution of electricity in Delhi with the following :—

1. General Manager, DESU (Chairman).

2. Financial Adviser & Chief Accounts Officer, DESU.

3. Chief Accountant & Financial Adviser, MCD.

4. Member-Secretary, Northern Regional Electricity Board (CEA).

5. Additional General Manager (Technical|Generation), DESU.

6. Additional General Manager (Technical|Distribution), DESU—(Member-Secretary).

The Committee will short-list pre-qalified bidders and invite detailed bids from them. It is not possible to specify any firm time schedule.